कानपुर नगर निगम

मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक हेतु
कार्यसूची एवं सम्बद्ध विवरण
दिनांक 04–07–2023 दिन मंगलवार
समय पूर्वान्ह 11:30 बजे
स्थान– कानपुर नगर निगम मुख्यालय,
मोतीझील, स्थित समिति कक्ष।

कार्यालय सचिव नगर निगम
नगर निगम, कानपुर

पत्र संख्याः–डी / 46 / सचिव (न0नि0) / 2023–24 दिनांकः–01.07.2023

कृपया मा0 महापौर जी के कार्यालय पत्रांकः डी / 45 / एम0 / 23–24 दिनांकः 28.06.2023 के द्वारा कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 04.07.2023 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित समिति कक्ष में आहूत की गयी है।

अतः बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करे।

सचिव
नगर निगम

मा0 सदस्य

01. श्रीमती प्रमिला पाण्डेय	महापौर / सभापति
02. श्री निर्देश सिंह चौहान	सदस्य
03. श्री आशुमेन्द्र प्रताप सिंह	सदस्य
04. श्री विकास जायसवाल	सदस्य
05. श्री देवेन्द्र द्विवेदी	सदस्य
06. श्री दीपक शर्मा	सदस्य
07. श्रीमती आरती गौतम	सदस्य
08. श्री पवन गुप्ता	सदस्य
09. श्री संतोष साहू	सदस्य
10. श्री योगेन्द्र शर्मा	सदस्य
11.श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू'	सदस्य
12. श्री लियाकत अली	सदस्य
13. श्रीमती अंजुलि आदर्श दीक्षित	सदस्य

अंजुली आदर्श दीक्षित – 55

कार्य–सूची

1.सर्व प्रथम कार्यकारिणी उप सभापति का चुनाव।
2.मूल बजट वित्तीय वर्ष 2023–24 (नगर निगम व जल कल)
3.प्राप्त कार्यकारिणी के प्रस्तावों पर विचार करना।
4. अन्य विषय मा0 सभापति की अनुमति से।

प्रस्ताव संख्या :– 1

मूल बजट वित्तीय वर्ष 2023–24 (नगर निगम व जलकल) पर चर्चा।

प्रस्ताव संख्या–2

श्री अरिदमन सिंह, एडवोकेट, पूर्व मंत्री कानपुर एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जो मा0 महापौर जी द्वारा पृष्ठांकित है, मा0 कार्यकारिणी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत :–

प्रार्थी अरिदमन सिंह एडवोकेट पूर्व मंत्री कानपुर बार एसोसिएशन व पूर्व महामंत्री डी0सी0 लॉ कॉलेज कानपुर विश्वविध्यालय चेम्बर नं0 एस 17 प्रथम तल न्यू बिल्डिंग शताब्दी गेट नं0 3 सिविल कोर्ट कंपाउंड सिविल लाइन कानपुर नगर। वार्ड नंबर 74 श्याम नगर स्थित एमआइजी 623 डी व 628 ड़ी ब्लॉक के बीच वाली गली जो कि गली अनुमानित 20 फिट चौड़ी व 70 फिट लम्बी होगी। उक्त गली काफी ऊबड़ खाबड़ है, जहां बरसात में पानी भर जाता है। जिस कारण मच्छर व कीड़े पैदा हो ज़ाते है। आम ज़न मानस के स्वास्थ के लिए ख़तरनाक साबित होता है तथा ऊबड़ खाबड़ होने के कारण बच्चे आते–जाते, ख़ेलते समय गिर कर चोटिल हो ज़ाते है। आम ज़नमानस, बच्चों व बुजुर्गों को आने जाने में काफी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आम ज़नमानस, बच्चों व बुजुर्गों को आने जाने में काफी दिक्कतों व परेशानियों दृष्टिगत रख़ते हुए जनहित में उक्त कानपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर 74 श्याम नगर स्थित एमआइजी 623 डी व 628 डी ब्लॉक के बीच वाली गली का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है।

अतः श्रीमान जी से विनम्र प्रार्थना है कि कानपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर 74 श्याम नगर स्थित एमआइजी 623 डी व 628 डी ब्लॉक के बीच वाली गली का निर्माण करा कर, गली का नामकरण कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री के पूज्य पिता स्व0 श्री मोहन सिंह जी के नाम कराये जाने कृपा करें।

प्रस्ताव संख्याः–3

नगर आयुक्त महोदय कार्यालय के पत्र संख्या– 336/3/प दिनांक 30.06.2023 को अधिनियम की धारा 148 एवं 221 के अन्तर्गत सूचनार्थ प्रेषित

प्रस्ताव

नगर निगम सीमान्तर्गत भवन एवं सम्पत्तियों पर आरोपित एवं देय सामान्य कर (गृहकर) की दरें विगत वर्षो की भॉति वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु निम्न प्रकार से प्रस्तावित है :–

नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों के ऐसे भवन स्वामी/अध्यासी जिनके द्वारा प्रति वर्ष नियमित रूप से नगर निगम का गृहकर भुगतान किया जाता है, के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम के वसूली अभियान में गति लाने तथा ईमानदार करदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु मा0 सदन की समयावधि समाप्ति होने एवं नई मा0 सदन के गठन न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2023–24 में माह अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक इन करदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं नगर निगम की सतत् राजस्व वसूली को दृष्टिगत रखते हुये, तत्समय जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय के अनुमोदनोपरान्त 10 प्रतिशत छूट प्रदान की गई, पर मा0 कार्यकारिणी एवं मा0 सदन की स्वीकृति एवं तदोपरान्त नगर आयुक्त को प्रत्येक माह एक–एक माह के लिये अधिकतम माह दिसम्बर 2023 तक के लिये 10 प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव मा0 कार्यकारिणी एवं मा0 सदन के समक्ष विचारार्थ एवं स्वीकृतार्थ प्रस्तुत है।